आइआइएम के 281 स्टूडेंट्स का मल्टीनेशनल कंपनी में प्लेसमेंट

रांची. आइआइएम रांची के सत्र 2019-21 के एमबीए और एमबीए एचआर के विद्यार्थियों ने समर प्लेसमेंट में अपनी जगह बना ली है. इस वर्ष 281 विद्यार्थी (एमबीए के 207 और एमबीए एचआर के 74) ने देश-विदेश की मल्टीनेशनल कंपनियों में अपनी जगह बनायी है. प्लेसमेंट ड्राइव के लिए 125 कंपनियां पहुंची थी. जानकारी के अनुसार इस वर्ष एमबीए बैच के विद्यार्थियों ने पिछले वर्ष की तुलना में 5.36 फीसदी अधिक छात्रवृत्ति हासिल की है. यह करीब 95,696 रुपये है. वहीं एमबीए एचआर बैच ने औसत छात्रवृत्ति 1,00,171 रुपए हासिल किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.27 फीसदी ज्यादा है. एमबीए बैच के टॉप 25 फीसदी विद्यार्थियों ने औसत छात्रवृत्ति 1,92,509 रुपये और एमबीए एचआर बैच के शीर्ष 25 फीसदी विद्यार्थियों ने औसत छात्रवृत्ति 1,97,282 रुपए हासिल की है.आइआइएम प्लेसमेंट सेल के पदाधिकारी ने बताया कि समर इंटर्नशिप में अपनी जगह बनानेवाले ज्यादातर विद्यार्थी सेल्स एंड मार्केटिंग, फाइनांस, ऑपरेशंस एंड जेनेरल मैनेजमेंट, आइटी एंड एनालिटिक्स, स्ट्रेटेजी एंड कंसल्टिंग और ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के हैं. इनका प्लेसमेंट मल्टीनेशनल कंपनी जैसे गूगल, जेपी मॉर्गन चेस, बर्जर पेंट्स, एचपी, कैपजेमिनी, कामिंस, डेलोइट, इमामी, आइसीआइसीआइ बैंक, आइसीआइसीआइ लोंबार्ड, सैमसंग आर एंड डी, लार्सन एंड टुब्रो, रॉबर्ट बॉश, सदरलैंड ग्लोबल,वेदांता, टाटा स्टील, विप्रो कंज्यूमर और वैल्यू लेब्स में हुआ है.

Prabhat Khabar, 07.02.2020, Pg. 02 (supl.)